# 299 बिजली विवादों का किया निपटारा

**बदायूं, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 29 से 31 जनवरी तक विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत लंबित वादों के निस्तारण के लिए आयोजित विशेष लोक अदालत में 299 विवादों का निपटारा किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सारिका गोयल द्वारा बताया गया कि विशेष लोक अदालतों में विद्युत अधिनियम के वादों से संबंधित कुल 299 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें कुल 1 लाख 74 हजार समझौता राशि वसूल की गयी। अब जनपद की समस्त तहसीलों में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को होगा।




# अंतरिम बजट: टैक्स में बदलाव न होने पर व्यापारी खुश

## बाजार में कई दुकानों पर देखा गया बजट का सीधा प्रसारण, किसी को भाया बजट तो कोई हुआ निराश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** लोक सभा चुनाव से पूर्व केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट पेश किया। बजट को देखने के लिए व्यापारियों ने खासा इंतजाम किया था। दुकानों पर लगी टीवी पर उनके द्वारा बजट को देखा गया। बजट के दौरान कोई बड़ी घोषणा न होने पर निराशा जताई तथा टैक्स में बदलाव किए जाने पर व्यापारियों ने खुशी जाहिर की। लोग अंतिम समय तक बजट को देखते रहे।



टीवी पर बजट को देखते व्यापारी। • अमृत विचार

अंतरिम बजट को लेकर देहात क्षेत्र में भी चर्चाएं हुईं। शहर में जहां लोग टीवी पर बजट का सीधा प्रसारण देख रहे थे। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र चौपालें सजी हुईं थीं। जहां लोग बजट को लेकर चर्चा करते हुए दिखे। गुरुवार को मौसम काफी खराब रहा। दिन भर हल्की बूंदाबांदी होती रही तो कहीं धूप भी खिली। देहात क्षेत्र में बारिश का असर अधिक रहा। ऐसी स्थिति में ग्रामीण खेती किसानी का काम छोड़कर बातें करने में मशगूल दिखे। केंद्र सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य बढ़ाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा सराहना की। कहा कि पहले लोगों के आवास नहीं मिलते थे। अब निःशुल्क आवास का लाभ मिल रहा है। वहीं, सम्मान निधि पर भी उनके द्वारा बीच चर्चा होती रही। किसी ने सम्मान निधि को कम होना बताया तो किसी ने कहा कि फ्री में रुपये मिलते इससे कुछ काम तो हल होते हैं। पहले की सरकारों में यह सब कहा था। लोगों ने कहा कि सरकार द्वारा दिए जाने वाले फ्री राशन से कई लोगों के परिवार पल रहे हैं। सरकार अच्छा काम कर रही है।

# प्राइवेट काम करने वाले लोगों को मिलेगा लाभ

**बदायूं. अमृत विचार:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट पेश किया। इससे जहां कई लोग खुश हैं, तो कई लोग मायूस नजर आ रहे हैं। टैक्स में बदलाव न किए जाने पर व्यापारियों ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने बजट को अच्छा बताया है। कहा कि चुनावी वर्ष में टैक्स में बदलाव न किए जाने से उन्हें लाभ होगा।

अंतरिम बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं दी। पुरानी टैक्स रिजीम पर 2.5 लाख रुपये तक की कमाई ही टैक्स फ्री रहेगी। सेक्शन 87 ए, के तहत 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बच सकता है। वहीं, नई टैक्स रिजीम पर भी पहले की तरह तीन लाख रुपये तक की कमाई टैक्स फ्री रहेगी। इसमें 87ए के तहत तहत सैलरीड पर्सन 7.5 लाख रुपये तक और बाकी सात लाख तक की कमाई पर छूट मिल सकती है। केंद्रीय मंत्री द्वारा टैक्स में कोई बदलाव न कर खुशी जाहिर की है।



अंतरिम बजट से लोगों के काफी उम्मीदें थीं। लेकिन सरकार ने कोई बदलाव नहीं किया। इससे व्यापारी के साथ आम आदमी को भी लाभ मिलेगा। टैक्स में कोई बदलाव कर सरकार ने व्यापारियो का ख्याल रखा है। इससे महंगाई अधिक नहीं बढ़ेगी। – **अनिल कुमार**

### बजट हर वर्ग के हित में



सरकार ने टैक्स लैब में कोई बदलाव नहीं किया है। पुरानी टैक्स लैब को बरकरार रखा है। यह बहुत अच्छा रहा है। प्राइवेट सेक्टर के लोगों को इससे राहत मिलेगी। टैक्स में छूट मिलने से व्यापारियों को भी बड़ी राहत है। केंद्र सरकार का यह बजट कुल मिलाकर हर वर्ग के हित में हैं। – **राजन आहूजा**



अंतरिम बजट में दुकानदारों व व्यापारियों को राहत मिली है। आम आदमी को भी इससे फायदा पहुंचेगा। वर्तमान सरकार ने हर वर्गों को कुछ न कुछ फायदा पहुंचाया है। युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। इससे देश को आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। – **ललित**



सरकार का बजट बहुत अच्छा रहा। कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। टैक्स में कोई बदलाव न कर सरकार ने अच्छा कदम उठाया है। इससे रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की बात की गई है। इसके अलावा किसी तरह की कोई महंगाई नहीं की है। – **रोहन**

# सिलेंडर के दाम नहीं हुए कम, महिलाएं निराश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** आधी आबादी की रसोई का बोझ कम करने के लिए भले ही आंतरिक बजट में कोई घोषणा नहीं की गई। सिलेंडर के दाम, खाद्य पदार्थों पर महंगाई की मार को कम करने के लिए कोई प्लान पेश नहीं किया, हालांकि महिलाओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। महिलाओं और बच्चों के लिए कई योजनाओं को शुरू किया। इन घोषणाओं से महिलाएं खुश हैं।

गुरुवार को लोकसभा चुनाव से पहले देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट 2024 को पेश किया। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट होने के कारण आम जनता को इससे काफी उम्मीदें थीं। लेकिन वित्त मंत्री ने कोई बड़ी घोषणा नहीं की जिससे आम जनता को लाभ मिलता। वित्त मंत्री द्वारा आयुष्मान भारत, मातृ शिशु के कार्यक्रम, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण, लड़कियों को गंभीर बीमारियों से बचाव को मुफ्त टीकाकरण तथा लखपति दीदी योजना में लक्ष्य बढ़ाकर महिलाओं को खुश करने के लिए प्रयास किया है। महिलाओं ने स्वागत किया है। कहा कि जो योजनाएं केंद्र सरकार की चल रहीं हैं, उनका लाभ उन्हें अवश्य मिलेगा।



आधी आबादी के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। सरकार मध्यम वर्ग की महिलाओं के लिए योजनाओं को चलाया जाए। उनके लिए रोजगार के साधन विकसित किए जाने चाहिए। रसोई के बजट को कम करने के लिए कुछ करने की जरूरत है। – **सारिका बजाज**, पंजाबी चौक

### रसोई पर नहीं दिया ध्यान



केंद्रीय वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा है। महिलाओं के लिए कई घोषणाएं की हैं। नारी शक्ति के महत्व को देखते हुए योजनाओं को शुरू किया। रसोई का बजट दुरुस्त रखने के लिए कोई भी घोषणा नहीं करने से मायूसी हाथ लगी है। – **रागिनी**, मोहल्ला ब्रह्मपुर



अंतरिम बजट में भले ही महिलाओं की रसोई के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं की गई। लेकिन, आधी आबादी के लिए अन्य कई लाभ दिए गए हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। महिलाएं को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा। – **रेनू पांडे**, मोहल्ला टिकट गंज



महिला सशक्तिकरण के लिए अभियान चलाए जाने के साथ ही रसोई का बजट भी दुरुस्त रखने के लिए कदम उठाए जाने की जरूरत है। सिलेंडर के दाम कम होने चाहिए। खाद्य सामग्री पर महंगाई कम होना चाहिए। तभी आधी आबादी को राहत मिल सकेंगी। – **रचिता ठाकुर**, मोहल्ला जवाहरपुर

- **अंतरिम बजट में आधी आबादी को लुभाने के लिए की गई है कोशिश**
- **महिलाएं बोलीं- आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ**



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# 14 गांवों में अंधेरे के साथ जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं भी धड़ाम

## जियारत के फीडर से अलापुर क्षेत्र के गांवों में 15 घंटे तक आपूर्ति ठप, अस्पताल आए मरीजों को हुई परेशानी, कई मरीज लौट गए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बुधवार की रात से शुरू हुई बूंदाबांदी और तेज हवा के चलते चौदह गांवों की बिजली गुल हो गई। जर्जर तार टूटने से 15 घंटे तक बिजली अपूर्ति ठप रही। गांवों में अंधेरा छाया रहा। पेय जल की समस्या बनी रही। लोग परेशान होते रहे। दूसरी ओर जिला अस्पताल में सुबह से बिजली की समस्या बनी रही।

जनरेटर न चलने से एक्स-रे और डायलिसिस यूनिट बंद रहने से मरीजों को खासी परेशानी हुई। ब्लड रिपोर्ट का मरीज इंतजार करते रहे। उन्हें रिपोर्ट नहीं सौंपी गई। व्यवस्थाएं बेपटरी रहीं। इस कारण कई मरीज दोपहर में लौट गए।बुधवार की रात 12 बजे से हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गयी। इसके साथ ही तेज हवा चलने लगी, जिससे ढाक वाली जियारत स्थित विद्युत उपकेंद्र से जाने वाली सप्लाई ठप हो गयी। ककराला रोड के चौदह गांवों को बिजली इसी विद्युत उपकेन्द्र से दी जाती है। रात में जैसे ही हवा चली तो विद्युत उपकेन्द्र के पास ही तार टूट गया। इससे लाइट गुल हो गयी। रात 12 बजे से सप्लाई ठप हुई तो लोग बूंद बूंद पानी को तरस गए। अन्य कामकाज भी नहीं हो सके। बिजली गुल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हुयी। ककराला रोड स्थित रसूलपुर, सिमरिया, मई बूचन, उघैनी, उपरैला, सूरजपुर, आदि गांवों में बिजली गुल हो गयी।



अस्पताल में बिजली गुल होने के बाद अंधेरे में मरीज। ● अमृत विचार

### डायलिसिस और एक्सरे के मरीज लौटे

काफी देर तक जब जनरेटर नहीं चला तो कई मरीजों का एक्सरे नहीं हो सका। डायलिसिस कराने आए मरीज भी डायलिसिस यूनिट के चालू होने का इंतजार करते रहे। दोपहर बाद एक्सरे कराए आए करीब 20 मरीज व डायलिसिस के पांच मरीज लौट गए।

"सुबह से बिजली की समस्या बनी हुयी है। कुछ समय के लिए जनरेटर भी चलाया गया। मरीजों की भीड़ होने से दिक्कत होती है। बार बार ट्रिपिंग होने से मशीन नहीं चल पा रही हैं। सुबह से ही डायलिसिस यूनिट बंद है। डिजिटल एक्सरे भी नहीं हो सके। दो बजे बिजली शुरू हुई है तब काम शुरू हो सका है। – डा. कप्तान सिंह, सीएमएस

### डायलिसिस और एक्सरे के मरीज लौटे

जिला अस्पताल में बिजली सप्लाई दोपहर तक ठप रहने से एक्स रे कराने वाले मरीजों की भीड़ लगी रही। एक बजे तक लाइट नहीं आयी तो करीब डेढ़ दर्जन मरीज वापस लौट गए। इसी तरह बिजली न होने से डायलिसिस यूनिट से करीब आठ मरीज वापस लौट गए।

जिला अस्पताल में सुबह दस बजे से दो बजे तक बिजली गुल रही जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक्सरे और ब्लड रिपोर्ट का इंतजार कर रहे कई मरीज लौट गए। दोपहर दो बजे विद्युत सप्लाई शुरू होने के बाद काम शुरू हो सका। हालांकि मरीजों का कहना था कि जनरेटर चलता तो उन्हें परेशानी नहीं उठानी पड़ती लेकिन अस्पताल में ऐसा नहीं हुआ।

### सुचारू रूप से बिजली सप्लाई के लिए बने व्यवस्था



"बुधवार रात करीब 12 बजे से बिजली गुल है। पूरा गांव अंधेरे में रहा। रात में बिजली न होने से अप्रिय घटनाओं की संभावना बनी रहती है साथ ही पानी की समस्या से लोग परेशान रहे। –बदन सिंह – सिमरिया



"जब भी बारिश होती है या तेज हवा चलती है तो इधर की सप्लाई ठप हो जाती है। कई बार ऐसा हो चुका है। फिर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है। 15 घंटे के बाद लाइट चालू हुई। –मुकेश कुमार



"बिजली विभाग की लापरवाही के चलते अक्सर तार टूटते रहते हैं जिससे कई कई घंटे बिजली गुल हो जाती है। गुरुवार को दूसरा दिन है। अभी तक बिजली का तार ठीक नहीं किया गया है। – रामबाबू



"हमारे गांव में वैसे भी चार से पांच घंटे बिजली आती है। रात से बिजली गायब है अभी तक नहीं आयी है जिससे पानी की समस्या पैदा हो गयी है। करीब 15 घंटे से बिजली नही है सभी लोग परेशान हैं। – नदीम – मई बूचन।

"बुधवार की रात को जब तेज हवा चली तो ढाक वाली जियारत विद्युत उपकेन्द्र के पास तार टूट गया जिससे गुरुवार को ठीक करा दिया गया है। कुछ अन्य जगहों पर भी समस्या सामने आयी है। कर्मचारी बिजली सप्लाई सुचारू करने में लगे हुए हैं। शहरी क्षेत्र में भी कुछ समस्याएं रहीं हैं, उन्हें ठीक कर लिया गया है। – हरीश कुमार – अधिशासी अभियंता प्रथम

## घर से जेवर व नगदी समेट ले गए चोर

**सहसवान, अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव सुजावली में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। जब परिवार के लोग घर में सो रहे थे तब सोने-चांदी के जेवर और नगदी समेटकर चोर ले उड़े। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है।गांव सुजावली निवासी हरि भगवान पुत्र सोनपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात में चोर छत के रास्ते से जीने से होते हुए घर में घुस आए। घर में रखी नगदी और जेवर चोरी करके ले गए। सुबह जागे तो घर का दरवाजा खुला था और सामान भी बिखरा पड़ा था। उन्होंने घर में चेक किया तो सोने की एक चेन व एक मंगलसूत्र, चांदी की दो पाजेब, एक जोड़ी खंडुआ, एक जोड़ी कुंडल, 18 हजार रुपये नगदी और एक मोबाइल गायब था। उन्होंने अपने मोबाइल पर फोन किया तो पहले तो रिंग गई लेकिन बाद में मोबाइल बंद आया। सहसवान के प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## बैंक में खाताधारकों के साथ अभद्रता का आरोप

**सहसवान।** नगर में एक बैंक में कुछ कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों के साथ अभद्रता की जा रही है जिससे ग्राहकों में भारी रोष बना हुआ है। बैंकों में दोपहर दो बजे से तीन बजे तक लंच टाइम होता है। लंच करने के बाद भी बैंक कर्मचारी आपस में बैठकर बात करते रहते हैं जबकि खाता धारक काउंटरों पर खड़े रहकर इंतजार करते रहते हैं। इधर, तीन बजे से बैंक का गेट बंद कर दिया जाता है। खाता धारकों द्वारा जरा सी आवाज करने पर बैंक कर्मी अभद्रता करते हैं। लोगों ने अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

## मनरेगा कार्य में हुई लापरवाही रोजगार सेवकों को नोटिस जारी

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में रोजगार सेवकों द्वारा कार्य में उदासीनता बरतने पर ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवकों को नोटिस जारी किए हैं। रोजगार सेवकों के महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में रोजगार सेवक रुचि न लेने और उदासीनता के कारण विकास खंड की प्रगति खराब होने पर रोजगार सेवकों की समीक्षा बैठक हुई थी। सितंबर और दिसंबर माह से निरंतर मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने और कार्य प्रगति में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया लेकिन सुधार नहीं हुआ। उच्चाधिकारियों ने मनरेगा में प्रगति लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ति करने के लिए निर्देश दिए। इसके बाद भी कार्य में प्रगति नहीं हुई। अब सचिव-प्रधान की मांग पर खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए कि हर माह के अंत में मनरेगा प्रगति एवं रोजगार सेवकों की उपस्थिति प्रमाण पत्र पर प्रधान और सचिव की संस्तुति के बाद मानदेय आहरित होगा। नाराज रोजगार सेवकों ने विकास खंड पर प्रदर्शन कर बीडीओ पर आरोप लगाए।

▸▸ **खंड विकास अधिकारी पर आरोप लगाते हुए रोजगार सेवकों ने 31 जनवरी को किया था प्रदर्शन**

खंड विकास अधिकारी मुनब्बर खान ने बताया कि उपस्थिति प्रमाण पत्र से असंतुष्ट होकर रोजगार सेवकों ने 31 जनवरी को विकास खंड मुख्यालय पर बिना बताए प्रदर्शन किया था। अनर्गल आरोप लगाए थे। कार्य में लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आवासीय पट्टे की जमीन पर कब्जा दिला रहे लेखपाल पर हमला

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव शेखूपुर के हल्का लेखपाल रुपेंद्र सिंह शाक्य ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गांव शेखूपुर निवासी अनवरी बेगम ने अधिकारियों को गाटा सख्ंया 89 पर आवासीय पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाने का प्रार्थना पत्र दिया था। अधिकारियों के निर्देश पर वह जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए शेखूपुर गए थे। तभी गांव निवासी सालिम पुत्र अजमत ने उनके साथ अभद्रता की। गाली देते हुए दौड़ा दिया। पुलिसकर्मी और ग्रामीणों ने लेखपाल को बचाया। सालिम ने धमकी दी। लेखपाल ने अपनी जान माल का खतरा बताया है। पुलिस ने आरोपी सालिम के खिलाफ धमकाने, लोकसेवक के सार्वजनिक कृत्यों के निर्वहन में स्वेच्छापूर्वक बाधा डालने व कर्तव्यों को रोकने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# कोर्ट ने सामूहिक दुष्कर्म में आरोपी को सुनाई उम्रकैद की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **दोषी व्यक्ति पर 65 हजार लगाया जुर्माना, महिला को 10 साल की कैद और 25,500 लगाया जुर्माना**

**अमृत विचार :** किशोरी को फुसलाकर ले जाने और सामूहिक दुष्कर्म के पुरुष आरोपी को उम्रकैद व 65 हजार जुर्माना और महिला आरोपी को 10 साल की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। दोनों की सजा एक साथ शुरू होगी।

तीसरे आरोपी की पत्रावली पृथक की गई हैं जबकि चौथे आरोपी की मुकदमा के दौरान मौत हो गई। कोर्ट ने जुर्माना की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। वादिनी मुकदमा ने 20 फरवरी 2015 को कोतवाली सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाली ममता आपराधिक किस्म की महिला है। वह घर पर कच्ची शराब तोड़ती है। 19 फरवरी 2015 की रात लगभग 10 बजे ममता, शहर के मोहल्ला लालपुल निवासी पिंटू और अन्य दो लोग उनके घर में घुस आए थे। मारपीट करके उनके पति को बंधक बनाया। और उनकी 13 साल की बेटी को खींचते हुए मारते-पीटते ले गए। गांव के बाहर जंगल में ले जाकर तीन लड़कों ने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने शोर मचाया। गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोपी वहां से जाने लगे।

उनके पास तमंचे होने की वजह से कोई उनका पीछा करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। दो घंटे के बाद लोगों ने महिला के पति को बंधनमुक्त कराया। फिर किशोरी की तलाश शुरू की गई। किशोरी खेत में बुरी हालत में पड़ी मिली। उसे काफी चोटें आई थीं। न्यायालय में पिंटू पुत्र राजेंद्र कुमार, ममता पत्नी छत्रपाल पर नाबालिग लड़की को ले जाने व सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा चलाया गया।

न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद दोषी पाते हुए पिंटू ओर ममता को सजा सुनाई है। तीसरे आरोपी कपिल की पत्रावली अलग कर दी गई जबकि चौथे आरोपी मुकेश की मुकदमा के दौरान मौत हो चुकी है।

### भाभी की हत्या करने वाले आरोपी देवर को उम्रकैद

**बदायूं, अमृत विचार :** भाभी की गैर इरादतन हत्या करने वाले देवर को विशेष न्यायाधीश आवश्यक वस्तु कुमारी रिंकू ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माना डाला है। जुर्माने की आधी धनराशि मृतक के पति को दी जाएगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार कस्बा बिल्सी निवासी शराफत ने तहरीर देकर बताया था कि 29 अक्टूबर 2006 को खेत पर गए थे।

दोपहर लगभग तीन बजे वापस घर आए। उनकी 10 साल की बेटी सरवीन रोती हुई मिली। बेटी ने बताया कि उसके चाचा कोतवाली उझानी क्षेत्र के मोहल्ला किला खेड़ा निवासी शमशाद पुत्र मोहम्मद नवी घर पर आए थे। चाचा ने उसे रुपये दिए और चीज खाने के लिए बाहर भेज दिया। वह दुकान पर गई। उस दौरान चाचा और उसकी मां के बीच कहासुनी हो रही थी। चाचा ने आंगन में पड़ी फंटी उसकी मां के सिर में मार दी। मां के सिर से खून निकल रहा था। इसी दौरान चाचा ने मां के गले में पड़ी शॉल से गला घोंट दिया। मां चारपाई पर गिर गईं और चाचा चले गए। शराफत कमरे में गए तो उनकी पत्नी का शव पड़ा था।

▸▸ **कोर्ट ने गुरुवार को सुनाई सजा दोषी पर 10 हजार रुपये का लगाया जुर्माना**

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। आरोपी को गिरफ्तार किया। कुछ दिनों के बाद उसे जमानत मिल गई थी। उपनिरीक्षक आदिल रशीद ने विवेचना की। वादी और गवाहों के बयान दर्ज किए। घटनास्थल का नक्शा तैयार करके कोर्ट में आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय में शमशाद पुत्र गुलाम नवी पर अपनी भाभी की गैर इरादतन हत्या करने के आरोप में मुकदमा चलाया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया।

अभियोजन पक्ष के एडीजीसी सुधीर कुमार मिश्रा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी शमशाद को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। 10 हजार रुपये अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर दो महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास दोषी को भुगतना होगा।

# विपक्ष ने कहा- बीजेपी का विदाई बजट, कांग्रेस ने बताया दिशाहीन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के पेश किए गये अंतरिम बजट को दिशाहीन एवं गरीब विरोधी बताते हुए विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसमें किसानों और नौजवानों सहित कई अहम मदों में कटौती की गई है और गरीबों को राहत देने का कोई प्रयास नहीं किया गया है।

वहीं, सत्ता पक्ष ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखाने वाला यह बजट अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा और रक्षा क्षेत्र में देश का बोलबाला होगा।

### क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला है बजट



"यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जो चार जातियां ''किसान, महिला, युवा और गरीब'' बताई हैं, यह बजट उनके जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने सामाजिक न्याय को चरितार्थ करने वाला सर्वव्यापक, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी बजट पेश किया है। जिसका आम जनता को लाभ मिलेगा। – राजीव कुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा



"यह बजट बीजेपी का विदाई बजट है। बजट में युवाओं, बेरोजगारों, किसानों के लिए कुछ नहीं रखा गया। यह जनता को गुमराह करने वाला बजट पेश है। मात्र ख्याली पुलाव पकाए गए हैं। युवाओं को रोजगार देने की बात की गई होती थी। या फिर मंहगाई को कम करने के लिए प्रयास किए गये होते जिससे आम लोगों को राहत मिलती, लेकिन इस बजट ऐसा कुछ नहीं था। मंहगाई इतनी हैं कि आम आदमी परेशान हो गया है। – आशीष यादव, जिला अध्यक्ष सपा



"भाजपा ने जो बजट पेश किया है। वह उद्योगपतियों का बजट है। इसमें आम आदमी को बिल्कुल भी ख्याल नहीं रखा गया है। बेरोजगारी कम करने को लेकर कोई प्रयास नहीं किए गये हैं। यह चुनावी बजट है। जनता को गुमराह करने और लूटने वाला बजट है। मध्यमवर्गीय लोग मंहगाई से त्रस्त हैं। उनका बजट में बिल्कुल भी ख्याल नहीं रखा गया है। –ओमकार सिंह, जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी




"यह बजट पूंजीपतियों वाला बजट है। इससे आम जनता कोई लाभ नहीं मिलेगा। देश में 80 करोड़ लोग फ्री राशन पर निर्भर हैं। जबकि कहा गया है कि देश से गरीबी कम हुई है। इस बजट से जमीनी स्तर पर आम आदमी को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। चुनावी बजट है। बजट ऐसा होना चाहिए था जिसका आम जनता को लाभ मिलता। इनका यह आखिरी बजट रहेगा। –आर पी त्यागी, बसपा जिला अध्यक्ष


### बजट सार संक्षेप

#### बजट से अन्नदाता हुए निराश

**बदायूं।** गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा अंतरिम बजट पेश किया गया। जिसमें किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ ही नैनो यूरिया के प्रयोग पर बल दिया गया। लेकिन किसानों को उम्मीद थी केंद्र सरकार सम्मान निधि बढ़ाने की घोषणा करेंगी। परंतु ऐसी कोई घोषणा नहीं हुई। जिस पर किसानों में निराशा रही।



पशुपालन डेयरी मत्स्य पालन पर ध्यान देते हुए कृषि ऋण से किसानों को लाभ मिलेगा। मोटे अनाजों या श्री अन्न को बढ़ावा दिया जाना अच्छा है। अगर सरकार सम्मान निधि बढ़ा देती तो अधिक लाभ मिलता। धनराशि बढ़ने से किसानों को काफी हद तक राहत रहती। – साजिद



आम बजट से किसान खुश है। किसानों को सरकार की ओर से तरह-तरह की मदद करने की बात कही गई है। कृषि ऋण से किसान को लाभ मिलेगा। उम्मीद थी कि सरकार सम्मान निधि की राशि बढ़ेगी लेकिन नहीं बढ़ी। –सोहन

#### डीएम और सीडीओ ने किया डायट का निरीक्षण

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की तैयारी के लिए जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट का गुरुवार को निरीक्षण किया।जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने डायट परिसर एवं कक्षों की स्थिति का जायजा लिया। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के कार्य में लगाए जाने वाले मतदान कर्मचारियों को सामान्य प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## दवा लेने गए मूंगफली विक्रेता की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के मोहल्ला एक निवासी नासिर अली (70) ठेला लगाकर मूंगफली बेचा करते थे। कुछ दिनों से उन्हें सांस संबंधी बीमारी से परेशान थे। बुधवार को वह अपनी दवा लेने के लिए बाइक से कस्बा सहसवान गए थे लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों को चिंता हुई। वह उनकी तलाश में निकले। नासिर के बारे में पूछते हुए थाना मुजरिया पहुंचे। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति सहसवान से गांव मटकुली मार्ग पर मृत अवस्था में मिला था। उसे बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। परिजन वहां पहुंचे और नासिर के रूप से शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें बीमारी से मौत होने की पुष्टि हुई। मृतक के भतीजे अरमान ने बताया कि उन्हें सांस की बीमारी थी।

# पुरानी पेंशन बहाल नहीं, चुनाव में होगा असर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : केंद्र सरकार द्वारा बजट जारी किया गया है। सरकारी कर्मचारियों की पेंशन बहाली की मांग एक बार फिर अधर में लटक गयी। कर्मचारियों को उम्मीद थी कि इस बार सरकार कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करने को इस बजट में पेंशन बहाली के लिए प्रावधान करेगी। कर्मचारियों का कहना था कि कर्मचारी जीवन भर सरकार की और जनता की सेवा करते हैं उनके बुढ़ापे के लिए कोई साधन नहीं है जिससे कर्मचारी सेवानिवृति के बाद खाली हाथ घर लौटता है। इसका लोकसभा चुनाव में असर देखने को मिलेगा।

**ये मुद्दे भी उठे**

**परिवार नियोजन:** कुछ कर्मचारियों ने कहा कि सरकार को परिवार नियोजन पर ठोस कदम उठाना चाहिए। लगातार बढ़ रही जनसंख्या पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। इस पर बजट में प्रावधान किया जाना चाहिए था मगर कुछ नही किया गया है। जनसंख्या बढ़ने से स्थिति और बिगड़ती जा रही है। सरकार को इसके बारे में काम करना चाहिए।

इनकम टैक्सः इस बार जारी किये गए बजट में सरकार ने इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं दी है।

कर्मचारियों को इनकम टैक्स में राहत मिलने की उम्मीद थी मगर स्थिति पूर्ववत रही जिससे कर्मचारियों को इसमें भी निराशा हाथ लगी है। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार ने इनकम टैक्स में राहत न देकर अच्छा नहीं किया है। इसको लेकर काफी उम्मीदें थीं मगर राहत न मिलने से निराशा ही हाथ लगी है।

### लोगों की बात



"सरकार को आठवां वेतन देना चाहिए था। साथ ही पेंशन की व्यवस्था करनी चाहिए थी जो नहीं की गयी है। बजट से सरकारी कर्मचारियों को किसी तरह की राहत नहीं मिली है। – नितिन कुमार – वरिष्ठ लिपिक



"इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं दी गयी है। जबकि सभी को उम्मीद थी कि इस बार बजट में सरकारी कर्मचारियों को राहत मिलेगी, परंतु कर्मचारी के हाथ निराशा नहीं लगी है। – श्रेयांश आर्य – एमपी डब्ल्यू



"इस बार का बजट पूर्व की तरह है। किसी तरह की राहत नहीं दी गयी है। पेंशन बहाली का कोई जिक्र नहीं किया गया है। जबकि कर्मचारियों को पेंशन बहाली करने की उम्मीद थी। –विमल कांत – वरिष्ठ सहायक



"सरकार को परिवार नियोजन पर ठोस कदम उठाना चाहिए था। जो नही किया गया है। आज देश में बढ़ती जनसंख्या एक बड़ी समस्या है इस पर सरकार को अमल करना ही चाहिए। – पारस बाबू – लिपिक

# युवाओं ने बजट को सराहा... लेकिन रोजगार पर निराशा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** युवाओं को अंतरिम बजट से काफी उम्मीदें थीं। पिछले बजट में सरकार की ओर से कौशल विकास योजना 4.0 की शुरुआत की गई थी। वित्त मंत्री ने 30 स्किल इंडिया नेशनल सेंटर खोलने का ऐलान किया था। रोजगार निर्माण के लिए 10 लाख करोड़ के निवेश का ऐलान किया था। वहीं, 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों में अगले तीन सालों में 38 हजार टीचर्स और सहायक स्टाफ की नियुक्ति की घोषणा की थी। लेकिन इस बार कोई नई घोषणा न होने पर निराशा जताई। साथ ही सराहना करते हुए कहा कि बजट बेहतर है। युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में नौकरी के अवसर मुहैया होंगे।

वित्त मंत्री ने अपने बजट में स्टार्टअप इंडिया और स्टार्टअप क्रेडिट गारंटी जैसी योजनाओं को लेकर बात कही है। युवाओं को 50 साल तक इंटरेस्ट फ्री लोन देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया जाएगा। जिस पर युवाओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरिम बजट से युवाओं को लाभ मिलेगा। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर मुहैया होंगे।



"टैक्स को लेकर सरकार का अच्छा प्रयास है। ओवरऑल बेहतर बजट है। सोने चांदी महंगा ही रहेगा। ऐसे में शादी के सीजन में लोगों को खरीदारी करने में मुश्किल रहेगी। बजट में रेलवे को लेकर अच्छे प्रावधान किया गया है। –अभिषेक गुप्ता



"अंतरिम बजट देखा जाए तो रोजगार को बढ़ाने में फोकस किया गया है। केंद्र की सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। स्वास्थ्य व शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सरकार पूरी कोशिश कर रही है। बजट सराहनीय है। युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में नौकरी के अवसर मिलेगें। मगर सरकारी नौकरी के लिए निराशाजनक है। – शोभित

# लखपति दीदी बनेंगी 25 हजार से अधिक महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** महिला सशक्तिकरण के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत जिले की 25 हजार से अधिक महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। जिले में करीब 19 हजार महिलाएं ऐसी हैं, जो स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। इनकी सालाना आय एक लाख से अधिक पहुंच चुकी है। इसी योजना का जिक्र गुरुवार को देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए किया है।

ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रही महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बीते वर्ष 2023 दिसंबर माह में इस योजना का आरंभ किया था। इस योजना के तहत जिले में स्वतःरोजगार विभाग द्वारा सर्वे कराया गया था। सर्वे के दौरान ऐसी महिलाओं को चिह्नित किया गया था कि जिनकी सालाना आय 60 हजार से लेकर एक लाख रुपये हैं। इन्हीं महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की घोषणा गुरुवार को पेश किए गये बजट के दौरान देश की वित्त मंत्री ने किया है। इन महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद बैंक के द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे ये अपना रोजगार शुरू कर आमदनी बढ़ा सकेंगी। लखपति दीदी योजना में स्वयं सहायता समूह की इन महिला सदस्यों की न्यूनतम वार्षिक आमदनी एक लाख रुपये करने का लक्ष्य तय किया है।

### खुद का व्यवसाय शुरू कर महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

रोजगार विभाग के जिला प्रबंधक ओम सिंह ने बताया कि जिले के सभी 15 ब्लॉकों में 19 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह गठित हैं। इनमें करीब 1.90 लाख से अधिक महिलाएं जुडी हुई हैं। इन्हें विभाग द्वारा रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद बैंक के द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि हजारों महिलाएं ऐसी हैं, जिन्होंने आर्थिक सहायता प्राप्त करने के बाद अपना रोजगार शुरू किया है। कुछ महिलाएं जरी जरदोजी, कृषि, किराना की दुकान खोलकर रोजगार कर रहीं हैं। जिले में करीब 19 हजार से अधिक महिलाएं ऐसी हैं। जिन्होंने खुद का रोजगार शुरू किया था। आज उनकी आमदनी एक लाख से अधिक हो गई है। यह सभी महिलाएं लखपति दीदी कहलाई जा रही हैं।

### फरवरी में होगा वाहन पार्किंग का नया ठेका

**बदायूं।** रेलवे स्टेशन पर बन रहे वाहन पार्किंग के लिए इसी महीने नया ठेका होगा जिसके बाद वाहन पार्किंग बन कर तैयार होगा। रेलवे स्टेशन पर पिछले साल सितंबर महीने में वाहन पार्किंग का ठेका दिया गया था। ठेकेदार ने मानक के अनुसार काम नहीं किया तो रेलवे ने ठेकेदार को हटा दिया। दो बार ठेकेदार को चेतावनी दी गयी फिर भी उसने मनमाने ढंग से काम किया जिसके बाद नवंबर महीने में उसे काम करने से रोक दिया गया। रेलवे स्टेशन मास्टर विपिन कुमार ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत ठेकेदार को नक्शा दिया जाएगा। संभवत: फरवरी महीने में ठेका दे दिया जाएगा।

जे.पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

# घने कोहरे के बाद बारिश से बढ़ी गलन

## बुधवार देर रात से ही शुरू हो गई थी बूंदाबांदी, चली तेज हवा, किसान चिंतित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचारः घने कोहरे के बाद असमय हुई बारिश से ठंड बढ़ गई। अचानक से हुए मौसम परिवर्तन की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। बुधवार की देर रात से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। जमकर बारिश हुई तो कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई। तेज हवा के साथ हुई बारिश ने ठंड में इजाफा कर दिया। हालांकि बीच में कुछ पलों के लिए धूप जरूर खिली लेकिन उसके फिर से बादल छा गए। अगले चार दिनों तक मौसम ऐसा ही बने रहने के आसार हैं। फिलहाल अगले चार दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया जा रहा है। जिसको लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।

बीते जनवरी माह के दौरान भीषण ठंड से लोग परेशान रहे। वहीं, फरवरी माह का आगाज बारिश के साथ हुआ। बुधवार की देर रात से अचानक मौसम में परिवर्तन देखने को मिला। तेज हवाएं चलने लगीं। और उसके बाद बारिश शुरू हो गई। गुरुवार को पूरे दिन बारिश का दौर जारी रहा। बारिश होने से ठंड बढ़ गई। तापमान में भी गिरावट देखी गई। एक दिन पूर्व जहां अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। गुरुवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। किसान भी परेशान हैं। मौसम के जानकारों के अनुसार अभी आने वाले चार दिनों यानी पांच फरवरी तक बूंदाबांदी या बारिश के आसार हैं। हवा में भी तेजी जारी रहेगी, जिससे ठंड का असर बरकरार रहेगा। किसान भी फसलों को लेकर चिंतित हैं।


बारिश से सड़क पर हुई कीचड़ के बीच निकलते वाहन।


ठंड बढ़ने पर गर्म कपड़ा पहन कर निकलते लोग।

▸▸ मौसम में परिवर्तन को देखते हुए प्रशासन ने जारी किया अलर्ट


आसमान में छाए काले बादल। ● अमृत विचार

# तेज हवा-बारिश से गली मोहल्लों में जलभराव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बुधवार की रात को हुई बारिश के बाद कई जगहों पर पानी भर गया तो कई स्थानों पर पेड़ों के पत्ते झड़ कर सड़क पर बिखर गये।

रात भर हुई रुक-रुक कर बारिश से शहर की मधुवन कॉलोनी में सड़कों पर पानी भर गया। जलभराव होने से आवागमन बाधित हो गया। लोग इधर उधर से निकल कर बाजार पहुंचे। उधर, बाजार में आने वाले लोग गुरुवार को ठंड के कारण कपड़ों से लदे दिखे। तेज हवा से कई जगह पर पेड़ों की टहनियां टूट गयीं, तो कई जगह पर पेड़ ही उखड़ कर गिर गए। सिविल लाइन क्षेत्र में बारिश का पानी भर जाने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। नई सराय की गलियां और जवाहरपुरी में भी कई जगह पर जलभराव देखी गई। शहर के शहवाजपुर, जोगीपुरा, पटियाली सराय, टिकटगंज आदि स्थानों पर ज्यादा परेशानी हुई तो रोडवेज बस स्टैंड के सामने और जीआईसी के बराबर से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया, जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।


बारिश के चलते गली में जलभराव।


तेज हवा के बाद बिखरे पत्ते।

# प्रधान और सचिव ने किया 56550 रुपये का गबन, जांच में पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ डीएम ने गबन की राशि पंचायत निधि खाते में जमा करने के दिए आदेश

अमृत विचारः ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा सरकारी धन को खाते में ट्रांसफर कर लिया गया। शिकायत के बाद हुई जांच में प्रधान और सचिव दोषी निकले। उनके द्वारा 56550 रुपये का गबन किया गया है। ये धनराशि पंचायत निधि खाते में जमा करने के आदेश डीएम ने सचिव और ग्राम प्रधान को दिए हैं। धनराशि को जमा न करने की दशा में सचिव के वेतन से कटौती करने की चेतावनी दी गई है।

ब्लॉक आसफपुर की ग्राम पंचायत पिसनहारी निवासी रज्जो देवी और गीता यादव द्वारा डीएम को शिकायत कर ग्राम प्रधान ओमवती और सचिव स्वर्णकेश पर पंचायत निधि का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। जिस पर डीएम ने जिला विकास अधिकारी और सहायक अभियंता डीआरडीए को जांच के आदेश दिए। जांच के दौरान पाया गया कि प्रधान द्वारा अलग अलग तिथियों में मानदेय की धनराशि दर्शाते हुए करीब 94 हजार पांच सौ रुपये अपने खाते में ट्रांसफर किए गये। सचिव और प्रधान ने मानदेय को छोड़कर 56550 रुपये अधिक खाते में ट्रांसफर कर लिए। जांचकर्ताओं द्वारा रिपोर्ट डीएम को प्रस्तुत कर दी। जिस पर डीएम ने गबन की गई धनराशि को प्रधान और सचिव द्वारा बराबर हिस्सों में बांटकर जमा करने के आदेश दिए हैं। वहीं, सचिव को चेतावनी दी है कि धनराशि जमा न करने की दशा में उनके वेतन से कटौती कर ली जाएगी।

# तीन बच्चे समेत चार की मौत मामले में डीसीएम चालक पर रिपोर्ट

**उझानी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में डीसीएम, स्कूल के बच्चों को ले जा रही ईको कार और रोडवेज बस की भिड़ंत में ईको कार चालक, उसके डेढ़ साल के बेटे, एक छात्र व एक छात्रा की मौत हुई थी। मृतक चालक के पिता की तहरीर पर डीसीएम चालक पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

उझानी क्षेत्र के गांव जुनईया निवासी उमेश पुत्र यशपाल 30 को ईको कार से स्कूल के बच्चों को लेकर कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज जा रहे थे। रास्ते में फूलपुर मोड़ पर हादसा हो गया। जिसमें उमेश, उनके डेढ़ साल के बेटे दुष्यंत और आलेख की मौत हो गई थी। देर शाम इलाज के दौरान एक अन्य छात्रा स्वाती की भी मौत हुई थी। यशपाल ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने डीसीएम के चालक के खिलाफ रिपोर्ट रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की है।

# छेड़छाड़ के आरोपी ने दी जान

संवाददाता, विजय नगला

▸▸ मृतक की पत्नी ने लगाए आरोप पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

**अमृत विचार :** छेड़छाड़ के एक आरोपी की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने अपने पति पर रिपोर्ट दर्ज कराने वाले व्यक्ति के दबाव में पति के विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव पुठी निवासी राजेश पुत्र कृपाल सिंह के खिलाफ 29 जनवरी को छेड़छाड़ के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। तहरीर देने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया था कि 27 जनवरी दोपहर लगभग तीन बजे उनकी पत्नी घर लौटकर आ रही थी। रास्ते में राजेश यादव ने उसे रोक लिया। उसका हाथ पकड़कर खींचा और खेत में ले जाने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। धारा 164 के अंतर्गत पुलिस ने महिला के बयान दर्ज किए। जिसके बाद रात में राजेश यादव परिवार समेत रात में सो गए। गुरुवार सुबह उनकी पत्नी गुड्डी देवी जागी तो वह मृत मिले। गुड्डी देवी ने पुलिस को सूचना दी। गुड्डी ने आरोप लगाया कि उनके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने वालों के दबाव में आकर उनके पति ने जान दी है।

आरोप लगाया कि रिपोर्ट दर्ज कराने वाला उनके पति से समझौता के नाम पर दो लाख रुपये मांग रहा था। उसके पति रुपये नहीं दे सके थे तो उन लोगों ने पति को जेल भिजवाने की धमकी दी थी। पति वहां से लौटकर आए तो परेशान थे। उन्होंने किसी से बात नहीं की और चुपचाप सोने चले गए। सुबह उनका शव मिला। छेड़छाड़ के मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक सुम्मेर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जिसकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अधिशासी अभियंता पदोन्नत, शक्ति भवन हुए अटैच

**बदायूं, अमृत विचारः** अधिशासी अभियंता द्वितीय आरएन वर्मा का पदोन्नति कर उन्हें शक्ति भवन लखनऊ से अटैच किया गया है। उन्हें वहां पर अधीक्षण अभियंता अनुशासनिक का प्रभार दिया गया है। उन्हें शनिवार को विधिवत कार्यभार सौंप दिया जाएगा। अधिशासी अभियंता द्वितीय आर एन वर्मा जिले में तीन साल तक रहे। उन्होंने दातागंज क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जीतोड़ मेहनत की थी। राजस्व वसूली में भी उन्होंने विभाग को सकारात्मक योगदान दिया। क्षेत्र के लोगों की समस्याएं त्वरित गति से निपटने में उनकी उच्चाधिकारियों ने सराहना की थी। शासन स्तर से चार दिन पहले उनको पदोन्नत किया गया है। आरएन वर्मा अब अधीक्षण अभियंता अनुशासनिक प्रभार संभालेंगे और शक्ति भवन लखनऊ में रहेंगे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव

डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# 370 ग्राम चरस के साथ बरेली के तीन तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, कादरचौक

▸▸ संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग के दौरान खुली पोल पुलिस ने पकड़े तस्कर

**अमृत विचार :** कादरचौक पुलिस ने बाइक सवार तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 370 ग्राम चरस बरामद हुई। वह बरेली के रहने वाले हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को जेल भेजकर बाइक को सीज किया।

थाना कादरचौक पुलिस गुरुवार को बिचौला पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक से तीन लोग आते नजर आए। पुलिस ने उन्हें रुकने के लिए हाथ दिया लेकिन वह बाइक मोड़कर वापस जाने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने दौड़कर बाइक सवारों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चरस बरामद हुई। तीनों को पकड़कर थाने ले जाया गया। जहां उन्होंने अपना नाम बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र में डेलापीर के पास एमईएस कॉलोनी निवासी अमन दिवाकर पुत्र वीरेंद्र दिवाकर, थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव सैदपुर सरौरा निवासी नितिन गंगवार पुत्र रविंद्र सिंह गंगवार और थाना प्रेमनगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी निशांत श्रीवास्तव पुत्र जयप्रकाश श्रीवास्तव बताया। तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज गया है। गिरफ्तारी करने वालों में थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह, उपनिरीक्षक महेश कुमार, सिपाही आकाश कुमार, शेखर जावला, मोहित कुमार और शिव कुमार रहे।

# जाम लगाने वाले लोगों पर कई मामलों में रिपोर्ट दर्ज

▸▸ 30 मार्च को सड़क हादसे में दो लोगों की हुई थी मौत, ग्रामीणों ने जाम लगाकर मार्ग किया अवरुद्ध

**उसावां, अमृत विचारः** थाना उसावां क्षेत्र में 30 जनवरी को गांव सांडी के पास सड़क हादसे में बाइक सवार गांव टकसेना निवासी रामवरन पुत्र जोरावर की मौत हो गई थी जबकि उनका भतीजा हृदेश पुत्र श्रीपाल और मुकेश पुत्र महेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की सूचना पर उपनिरीक्षक नरेश कुमार पहुंचे। गुस्साए लोगों ने जाम लगाया था। जिसकी वजह से यातायात बाधित हो रहा था। उपनिरीक्षक ने घायलों को इलाज के लिए भेज। इलाज के दौरान मुकेश की मौत हो गई थी। उपनिरीक्षक की तहरीर पर जाम लगाने वाले गांव टकसेना निवासी अरुण, जितेंद्र, महेश, निर्भान, रामवीर, सुखपाल, सवेंद्र, जोरावर समेत 13 व अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार, छात्रा की नहीं हुई तलाश

**विजय नगला।** कक्षा नौ की छात्रा को दूसरे समुदाय का युवक उसके घर के सामने से अगवा करके ले गया। छात्रा के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया लेकिन छात्रा का पता नहीं चल सका है। थाना बिनावर क्षेत्र के कस्बा निवासी 16 साल की किशोरी कक्षा नौ की छात्रा है। छात्रा को दूसरे समुदाय का नईम उर्फ पप्पू लल्ला सोमवार को उसके घर के सामने से अगवा करके ले गया। छात्र के पिता को जानकारी हुई तो उन्हें नाते रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन किशोरी को कहीं पता नहीं चल सका। छात्रा के पिता ने सोमवार को ही रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया लेकिन चार दिन के बाद भी किशोरी का कुछ पता नहीं चला है। हल्का दरोगा राकेश वर्मा ने बताया आरोपी के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई है और उसे गिरफ्तार किया है। छात्रा की तलाश की जा रही है। जल्द ही तलाश को पूरा कर लिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### इमामों से की शांति बनाए रखने की अपील

**उसहैत।** ज्ञानवापी मामले को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को थाना परिसर में नगर व क्षेत्र के मस्जिदों के इमामों के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने एक बैठक की। प्रभारी निरीक्षक ने इमामों को कोर्ट के आदेश का पालन कर शांति व्यवस्था बनाए रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। बैठक में एस आई जाहिद हुसैन, नीरज कुमार, प्रधान पति रमजान अली इमाम हाफिज तनवीर, नबी हसन, हाफिज कासिम अंसारी, समेत दर्जनभर से अधिक इमाम मौजूद रहे। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में 31 साल से बंद पड़े व्यास तहखाने में वाराणसी की जिला कोर्ट ने बुधवार को व्यास जी तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार दे दिया है। व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ का अधिकार मिल जाने से लोगों में खुशी है।

### मृत गोवंश के शवों को जंगल में फेंकने का आरोप

**कुंवरगांव।** सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत यूसुफ नगर में बनी अस्थाई गोशाला में गायों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब-तक लगभग आधा दर्जन गोवंशों की मौत हो चुकी है। आरोप है कि गोशाला में मृत गायों को दफनाने की बजाय जंगल में फिकवा दिया जाता है जिससे कुत्ते नोच नोच कर शवों को खाते हैं। बृहस्पतिवार को गोशाला में एक और गोवंश की मौत हो गई। गोवंश को जिम्मेदारों ने जंगल में फिंकवा दिया। इस संबंध में सचिव आदिल रशीद का कहना कि प्रधान ने मुझे गाय दफनाने की सूचना दी थी अगर प्रधान गोवंश को जंगल में फिकवा रहे हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

### खेत में पशु घुसाने के शक में पीटा, दो पर रिपोर्ट

**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बर्खिन निवासी बुजुर्ग कुंवरपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 जनवरी भोर में वह अपने खेत पर फसल की रखवाली कर रहे थे। पड़ोस के खेत में कुछ पशु फसल चर रहे थे। दो भाई अनिल व करु पुत्र सर्वेश पहुंचे। कुंवरपाल पर अपने खेत में पशु घुसाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगे। कुंवरपाल ने गांव के प्रधान से दोनों भाइयों की शिकायत की। आरोपी भी प्रधान के पास पहुंच गए और गाली देते हुए उन्हें पीटने लगे। कुंवरपाल घायल हो गए। प्रधान भी उन्हें पीटते देखते रहे। बुजुर्ग की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### हत्यारोपी नरेश के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**बदायूं।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव सहावर शाह निवासी पशु व्यापारी नन्नू प्रजापति पुत्र श्रीराम साप्ताहिक बाजार में पशुओं की खरीदारी करते थे और मुनाफा होने पर बेच देते थे। 19 दिसंबर को उनके दोस्त और उनके साथ पशुओं की खरीदारी करने वाले नरेश ने ईंटों से कूचकर उनकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया था। विवेचना के बाद विवेचक ने आरोपी नरेश के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### सोशल साइट्स पर पोस्ट किए अपशब्द

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मन्नूनगर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र प्रथम सिंह ने तहरीर देकर बताया कि वह भीम आर्मी संगठन से जुड़े हैं। आरोप है कि ग्राम पंचायत मुड़िया धुरेकी निवासी एक युवक सोशल साइट्स के अपने अकाउंट पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, भीम आर्मी के चीफ चंद्र शेखर और अनुसूचित जाति के लोगों के लिए गाली पोस्ट कर रहा है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### सोशल साइट पर अपलोड की आपत्तिजनक फोटो

**बदायूं।** सोशल साइट्स की एक आईडी पर देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक फोटो अपलोड की गई। अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के पदाधिकारियों ने गुरुवार को एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### मांगों के लिए लखनऊ में किया प्रदर्शन

**बदायूं।** लखनऊ चलो अभियान के तहत गुरुवार को बदायूं जिले की आशा और संगिनी वर्कर्स ने लखनऊ पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया। आशा संगिनी ने विभिन्न मांगों को लेकर लखनऊ में तीन दिवसीय महापड़ाव किया है। बदायूं की आशाओं के साथ जिले की 25 जिलों से जुटी कार्यकत्रियां भी साथ रहीं। बदायूं शाखा की जिला अध्यक्ष जौली वैश्य ने बताया कि दो को मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगी।

## शहर में आज

- जिले में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पखवाड़े के तहत गांव-गांव जन पंचायत कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- बहुजन समाज पार्टी की बैठक ढोलना के गांव तैयबपुर-कमालपुर में दोपहर 12 बजे से।

### अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना ढोलना पुलिस के उपनिरीक्षक बलवीर सिंह ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 24 पव्वा अवैध देसी शराब के बरामद हुए हैं। उपनिरीक्षक ने बताया कि आरोपी रवि निवासी मुहल्ला पीरजादा कस्बा बिलराम थाना ढोलना को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

# सरकार ने दी सौगात, अब हम दीदी के साथ बन जाएंगे लखपति

## स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बोलीं- अच्छा रहा बजट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** मोदी टू सरकार के अंतरिम बजट में महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट को लेकर महिलाएं बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि पहले हमें गरीबी से उभारने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। यह बात काफी समय पुरानी है। धीमे-धीमे स्वयं सहायता समूह से जोड़ने के बेहतर प्रयास किए गए, जिससे हम अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें। फिर हमें नाम दिया गया दीदी का। अब तक तो हम इसी बात से उत्साहित थे कि हमें आर्थिक रूप से मजबूत कर दिया गया और दीदी का नाम मिल गया। अब बजट में हमें एक और नाम मिल गया लखपति दीदी का। यानी हमें लखपति भी बनाया जाएगा। केंद्र सरकार ने बजट में महिलाओं के लिए यह सौगात दी है।



दुकान में बजट देखते लोग। ● अमृत विचार

- दीदी के सम्मान के साथ होगी आर्थिक मजबूती
- महिलाओं को मिलेगा अब दोहरा सम्मान



आज हम टीवी तो नहीं देख पाए, लेकिन मोबाइल पर पढ़ा और देखा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए लखपति दीदी बनाने की ओर कार्य आगे बढ़ा दिया गया है। यह एक बड़ा निर्णय लिया गया है।– **लता चौहान**, अध्यक्ष उज्ज्वल महिला कृषक सहायता समूह



हमने बजट देखा तो जानकारी हुई कि स्वयं सहायता समूह के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। हमें लखपति दीदी बनाया जा रहा है। सरकार का यह बड़ा निर्णय रहा।

–**नेहा**, अध्यक्ष कर्तव्य महिला स्वयं सहायता समूह मोहनपुरा

## अपेक्षा से अधिक मिला स्वास्थ्य का लाभ, बेहतर रहा बजट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** मोदी सरकार के अंतरिम बजट में स्वास्थ्य योद्धाओं के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी लाभ मिला है। अब आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आयुष्मान योजना से जोड़ दिए गए हैं और कोई शर्तें भी लागू नहीं की गई है। इसको लेकर कार्यकर्ता काफी खुशी हैं।

इस बजट में आयुष्मान योजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, हेल्पर्स और आशा वर्कर को भी शामिल किया गया है। अब इन्हें मुफ्त इलाज कराने का लाभ मिलेगा। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम अब आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने जा रहे हैं।

आयुष्मान योजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, हेल्पर्स और आशा कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया है। आंगनबाड़ी और आशा वर्कर्स और हेल्पर अब मुफ्त इलाज और मेडिकल हेल्थ केयर से संबंधित सुविधाओं का फायदा उठा पाएंगे। यह सुनकर आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता व हेल्पर खुशी से झूम उठे।

- बजट देखकर खुशी से झूम उठीं आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता

### यह है आयुष्मान योजना

आयुष्मान योजना के अंतर्गत आने वाले परिवारों को हर साल 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार के लिए 5 लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है।



हमें आयुष्मान योजना का लाभ मिलने जा रहा है। यह बेहद खुशी की बात है। हमें हम गरीब तबके के कार्यकर्ता हैं। इससे इलाज को लेकर कुछ चिंता कम हो जाएगी।

–**राजकुमारी आशा कार्यकर्ता**



पहली बार इस तरह का निर्णय हमने देखा है। इसको लेकर काफी खुशी हो रही है। हम इतने उत्साहित हैं कि अपने मन की बात सिर्फ शब्दों में ही बता सकते हैं।

– **रश्मि, आशा कार्यकर्ता**



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आयुष्मान योजना में शामिल किया गया इसकी जानकारी हमें टीवी पर बजट देखते हो गई थी। इससे अब हम स्वास्थ्य योजना का लाभ ले सकेंगे।

– **कंचन पांडेय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता**



काफी समय से हम उम्मीद लगाए बैठे थे कि सरकार हमें कोई न कोई लाभ पहुंचाएगी। भले ही सरकार ने बहुत अपेक्षित लाभ नहीं पहुंचाया, लेकिन अपेक्षा से अधिक स्वास्थ्य का लाभ हमें दिया है। –**कुसुम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता**

# भाजपा ने सराहा तो विपक्ष ने सिरे से बजट नकारा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के अंतरिम आम बजट को लेकर सुबह से ही लोगों की निगाह टिकी रही। भाजपा नेताओं ने इस बजट को लेकर वित्तमंत्री की सराहना की है तो विपक्ष ने सिरे से नकार दिया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह बजट सभी वर्गों का के हित वाला है। विपक्ष का कहना है कि इस बजट में किसी भी वर्ग का हित नहीं हुआ है।

- भाजपा नेता बोले सबका हित करने वाला है बजट
- विपक्षियों ने कहा- इस बजट से किसी का भला होने वाला नहीं



यह बजट सर्व समावेशी बजट है। सभी वर्गों का इस बजट में ध्यान रखा गया है। कोई भी ऐसा वर्ग नहीं है, जिसको इस बजट से लाभ न मिला हो।

– **केपी सिंह सोलंकी, जिलाध्यक्ष भाजपा**



केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव से पूर्व यह बजट सिर्फ छलावा के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह बजट किसी भी वर्ग के हित का बजट नहीं है। सरकार ने अपना हित देखा है। – **डीपी राना, जिलाध्यक्ष बसपा**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को सिर्फ उनका अपना हित माना जाए। जनता का यह बजट नहीं है। टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं है। सिर्फ चुनावी तस्वीर दिखाई गई है। – **दिव्या शर्मा**, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी



इतना बढ़िया बजट कभी भी किसी सरकार में नहीं आया जो अब आया है। अंतरिम बजट में तो मोदी सरकार ने ऐसा कमाल कर दिया कि कोई भी वर्ग लाभ से अछूता नहीं रहा है। यह सरकार का सर्व हितैषी बजट है। – **रजनीकांत माहेश्वरी, एमएलसी**




यह क्या बजट है, जिसमें किसी वर्ग का ध्यान ही नहीं रखा गया। वोट बैंक की राजनीति के लिए बजट में प्रावधान कर लिए गए। आखिर इस तरह के बजट से किसको क्या लाभ हुआ है। सरकार के पास इसका जवाब नहीं है।

– **विक्रम यादव, जिलाध्यक्ष सपा**

## भाजपाइयों ने बजट अवसर देने वाला बताया, विपक्षी बोले-छलावा किया है

**कासगंज।** भाजपा के नेता बजट को किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं के लिए सभी क्षेत्रों में अनेक अवसर प्रदान करने वाला कह रहे है। वहीं, व्यापारी व दूसरे राजनैतिक दलों के नेता इसे छलावा बता रहे हैं। मोदी टू सरकार के अंतरिम बजट को लेकर कस्बा गंजडुंडवारा में लोगों ने अपनी अलग-अलग प्रक्रिया व्यक्त की है। कुछ लोगों का कहना है कि यह बजट जनहित में है तो कुछ इस बजट को छलावा बता रहे हैं। जो भी हो, लेकिन बजट को लेकर सुबह से ही आम जनमानस की निगाहें टिकी रहीं।



बजट में देशभर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली योजनाओं, कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने वाले कदमों के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशद योजना है। इसका सकारात्मक प्रभाव अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगा।

– **नीरज किशोर मिश्रा, भाजपा**



भाजपा ने युवाओं से नौकरी देने के नाम पर वोट लिए थे, लेकिन काम सिर्फ उद्योगपतियों के लिए हुआ। निजीकरण कर और करोड़ो का कर्ज पूजीपतियों का माफ हुआ। इस बजट में आम आदमी के लिए कुछ नहीं है। यह बजट नहीं मासूम जनता के लिए छलावा है। – **अब्दुल हफीज गांधी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सपा**



बजट में व्यापारियों को ज्यादा कुछ नहीं मिला है, लेकिन बजट आधार भूत संरचना, हरित ऊर्जा एवं कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने वाला है। कुल मिलाकर देश के लिए उत्तम बजट है। – **रामकुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल**



बजट गरीब, महिला, युवा और किसानों को प्रोत्साहित करने वाला है। आम जनमानस के लिए लाभदायक होगा। बजट अगले पांच साल में भारत को अभूतपूर्व विकास की और लेकर जायेगा। डिजिटल इंडिया से अर्थव्यवस्था में लाभदायक होगा।

–**आनंद मोहन गुप्ता, शिक्षक**

### गृहक्लेश के चलते महिला ने जहर खाकर जान दी

**कासगंज।** थाना अमांपुर के गांव डोर्रा में गृहक्लेश के चलते महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वले उसे उपचार के लिए अमांपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के भाई दीपक ने बताया कि उसकी बहन ममता का विवाह लगभग 14 वर्ष पूर्व बिरजू के साथ हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं। ममता बीते आठ दिनों से अपनी बड़ी बहन सरोज की ससुराल सोरों रह रही थी। बिरजू उसे मंगलवार को बुलाकर गांव लाए थे। बुधवार को गृहक्लेश के चलते ममता ने जहर खाकर जान दे दी है। उसने पुलिस को घटना की सूचना देकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की।



मृतक ममता।

### भाजपा नगरिया मंडल की कार्यशाला आज

**न्यौली।** भारतीय जनता पार्टी नगरिया मंडल के अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि शनिवार को दोपहर दो बजे से मिर्जापुर स्थित सेंटवीएन पब्लिक स्कूल में कार्यशाला होगी। इसमें पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर चलाए जा रहे गांव चलो अभियान को सफल बनाने के संदर्भ में रहेगी। जिसमे मंडल में आने वाले गांवों के लिए ऐसे प्रवासी कार्यकर्ताओं को तैयार किया जाएगा जो कम से कम 24 घंटे का प्रवास गांव में जाकर कर सकें।

# टिकट की रार...भाजपा नेताओं की गुटबाजी खुलकर सामने आई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** भाजपा हाईकमान के स्तर से अभी टिकट फाइनल होने की बात दूर-दूर तक नहीं है, लेकिन कासगंज में टिकट को लेकर अभी से विवाद शुरू हो गया है। गुरुवार को भाजपा के ही दो नेताओं के बीच हुए विवाद की चर्चाएं कासगंज में गूंज रही हैं। फायरिंग के प्रकरण में पूर्व विधायक अनीता लोधी समेत उनके समर्थकों पर जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में एफआईआर होने के बाद विवाद और बढ़ने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। पार्टी के ही सक्रिय नेता नहीं, बल्कि आम लोग भी इस घटना को लेकर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन किसी ने स्पष्ट रूप से अपना पक्ष रखने की सहमति नहीं दी। इधर घटना को लेकर अमापुर रोड चांडी चौराहे पर दहशत का माहौल बना रहा।

स्थानीय लोगों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पहली बार ऐसे देखने को मिला है कि जब दिनदहाड़े सत्ताधारी दल के नेताओं के समर्थकों ने एक दूसरे पर फायरिंग की है। इस घटना को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क दिखाई दिया है। अनीता लोधी डिबाई की पूर्व विधायक हैं, उन्होंने पांच लोगों पर आरोप लगाया है कि वह हमारे आवेदन से बेहद परेशान हैं। रातोंरात पहले उनके होल्डिंग बैनर उतार दिए थे। वहीं, पूर्व विधायक अनीता लोधी का कहना है कि वह एटा लोकसभा क्षेत्र से दावेदार हैं। सत्ताधारी के नेताओं ने मेरे होर्डिंग बैनर, जो हमने शुभकामनाओं के लिए लगाए थे वह उतार दिए। गए नगर पालिका ने मनवानी की है।



समर्थकों के साथ पूर्व विधायक अनीता लोधी। ● अमृत विचार

- स्थानीय से लेकर उच्च नेताओं तक होती रही हलचल
- कोई पूर्व विधायक तो कोई स्थानीय जनप्रतिनिधि के समर्थन में बोल रहा

किसने होर्डिंग बैनर उतरवायी हैं कौन ठेकेदार है उसकी जानकारी हम करेंगे और जब विवाद इतना हो गया है तो हमें कोई टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।–**धर्मराज सिंह**, ईओ

मामला मेरे संज्ञान में आया, लेकिन विवाद क्या है यह मैं भी नहीं समझ पा रहा हूं। पूरी जानकारी कर रहा हूं। मामला पार्टी से जुड़ा हुआ है, इसलिए पूरी जानकारी करने के बाद ही अग्रिम आधिकारिक बयान दे सकूंगा।

– **केपी सिंह सोलंकी**, जिलाध्यक्ष भाजपा

मैं अपने काफिले के साथ कासगंज में आई थी। वहां मुझ पर हमला किया। मैंने एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद पद के लिए आवेदन किया है। स्थानीय जनप्रतिनिधि के लोगों ने मेरे काफिले पर हमला किया। इसकी जानकारी मैंने पार्टी के उच्च अधिकारियों को दे दी है और पुलिस को भी तहरीर दी है। – **अनीता लोधी, पूर्व विधायक डिबाई बुलंदशहर**

यह तो हर कोई जानता है कि भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है, लेकिन गुरुवार को अनीता लोधी के समर्थकों ने स्थानीय नेताओं पर हमला किया है। दोषी पर कार्रवाई होनी चाहिए। – **यशवीर सिंह ब्लॉक प्रमुख कासगंज भाजपा**




## घर का पानी जाने को खोदे गड्ढे में डूबकर बालक की मौत

**गंजडुंडवारा,अमृत विचार :** कस्बा के मोहल्ला नई बस्ती सुजावलपुर में पानी भरे गड्ढे में डूबकर डेढ़ वर्षीय बालक की मौत हो गई। इसका पता लगने पर परिवार में कोहराम मच गया। नई बस्ती सुजावलपुर निवासी अरशद के घर का पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं है। गंदा पानी सड़क पर न बहे इसलिए अरशद ने अपने घर के पास गड्ढा बना रखा है।

बुधवार को अरशद का डेढ़ वर्षीय बेटा अहमद खेलने के लिए घर से निकला। वह काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों के तलाश करने पर अहमद का शव गड्ढे में भरे पानी पर उतराता दिखाई दिया। परिजन ने फौरन उसे बाहर निकाला। मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसका पता लगने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद शव दफना दिया गया। सइ घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई।

### चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 650 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम तथा चोरी की बाइक प्रेशन प्रो रंग काला बरामद हुई है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी सुबोध निवासी गांव भैंसोरा खुर्द को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सहावर के उपनिरीक्षक भूदेव सिंह ने मिली सूचना के आधार पर पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह ने भाटी ने बताया कि आरोपी रंजीत निवासी गांव गुड़गुड़ी थाना सहावर को न्यायालय में पेश किया गया है।

### व्यापार मंडल आईटी मंच के जिला महामंत्री बने गौरांग



**कासगंज।** कासगंज के नदरई गेट निवासी गौरांग अग्रवाल को उद्योग व्यापार मंडल कासगंज के आईटी मंच का जिला महामंत्री मनोनीत किया है। उनसे संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा जताई गई है। उनके महामंत्री बनाने पर प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिसोदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा अभिनव गुप्ता, प्रदेश मंत्री युवा संजीव सिसोदिया, जिला महामंत्री डॉ. मोहम्मद फारूक, जिला कोषाध्यक्ष रविकांत सक्सेना, जिला प्रभारी दीपक गुप्ता सर्राफ, कासगंज नगर अध्यक्ष जितेन्द्र वार्ष्णेय, युवा व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष डॉ. विकास गुप्ता, युवा व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अमित गुप्ता सोनू, जिला उपाध्यक्ष अवनीश चौहान, प्रशांत गुप्ता, किशोर अग्रवाल, अनिल गुप्ताने हर्ष व्यक्त किया है।

### सफाई कर्मचारी संघ के संयुक्त मंत्री बने नदीम



**कासगंज।** जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ शाखा कासगंज का चुनाव 24 अगस्त को संपन्न हुआ था। इसमें महामंत्री पद पर ओमवीर सिंह विजयी हुए। मगर पिछले 5 महीने से संगठन की बैठक व कार्यक्रमों से वह लगातार अनुपस्थित रहे है। इस कारण संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को समाधान कराने के लिए पत्राचार नहीं हो रहा है। नदीम के नियुक्त होने पर संघ के पदाधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाई दी है।

**बिगड़ा मौसम** कहीं रिमझिम बारिश तो कई इलाकों में हुई बूंदाबांदी, दिनभर चली ठंडी हवा ने बढ़ाई किसनों की चिंता

# रबी की फसलों के लिए संजीवनी बनी बारिश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। बुधवार रात और गुरुवार को दिन में जिले के कुछ इलाकों में रिमझिम बारिश और कई जगह बूंदाबांदी हुई। बरसात से जहां वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ, वहीं कोहरे से भी निजात मिली। गुरुवार सुबह कोहरा एवं धुंध हटकर दृश्यता स्पष्ट हुई और मौसम एकदम साफ हो गया, जिससे वाहन चालकों को काफी सहूलियत रही।

जनपद के मोहनपुरा क्षेत्र में बुधवार रात करीब 12 बजे से सुबह 6 बजे तक रुक-रुक कर बारिश हुई है। वहीं, अन्य स्थानों पर दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे। कई जगह बूंदाबांदी होती रही। दोपहर बाद हल्की धूप निकली पर शीतलहर चलने से ठंड बढ़ गई। बारिश गेहूं, सरसों, मटर आदि फसलों के लिए फायदेमंद है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में लगातार बारिश होने का अनुमान है।



बारिश के बाद खिलखिलाती गेहूं की फसल।



सरसों की फसल पकने पर है, इस समय पानी लगाने की आवश्यकता थी। बारिश होने से अब पानी नहीं लगाना पड़ेगा। लेकिन यदि तेज हवा चलती है तो फसल गिरने की संभावना बन जाएगी। – **जय प्रकाश, किसान, कांतौर**



मटर की फसल में फली आना प्रारंभ हो गई है। अभी दाना ठीक से नहीं भरा है। बारिश होने से काफी फायदा हुआ है। कोहरे और पाले की संभावना दूर हो गई है। बारिश किसानों के हित में है। – **कमल सिंह, किसान, रामपुर**



मटर की फसल में फली आ रही है। अभी नुकसान की स्थिति तो नहीं है। यदि और बारिश होती है तो नुकसान की संभावना हो सकती है। – **मुकेश, किसान अफजलपुर**



खेतों में गेहूं की फसल खड़ी है। बारिश होने से आगामी कुछ दिनों तक पानी की जरूरत नहीं होगी। बारिश लाभदायक रही है।

– **रिंकू किसान, मोहनपुरा**

इस समय की बारिश ने गेहूं के लिए बूस्टर डोज का कार्य किया है। अधिकतर किसानों को अगली सिंचाई करनी थी, जो अब कुछ दिनों तक नहीं करनी पड़ेगी। जनपद में अधिकतर सरसों पकने को है। यदि हवा की गति तेज हुई तो फसल में झुकाव अथवा गिरने की संभावना हो सकती है। फिलहाल इस बारिश से किसी और प्रकार का नुकसान नहीं हैं।

–**डॉ प्रणवीर सिंह**, सस्य वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र मोहनपुरा कासगंज

